**दिनांक 24.07.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय लखीसराय में लॉयर्स हॉल के निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति:-

(i) **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - व्यवहार न्यायालय लखीसराय में लॉयर्स हॉल के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹70,05,000/- (सचिव, विधि विभाग का ज्ञापांक-5440 दिनांक-26.08.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित) | - ₹71,45,833/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1563(नि0) अनु0 दिनांक-26.09.2025), (मुख्य विद्युत अभियंता का पत्रांक-1134 दिनांक-13.10.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹57,72,482/- (असैनिक कार्य)<br>₹10,82,131/- (विद्युत कार्य)। |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 68,54,613/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-002613(भ0) 26-27 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-08.05.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 06.05.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 29.05.2026 (अधीक्षण अभि0) /05.06.2026(मुख्य अभि0) |
| 9 | निविदा की तिथि | - 17.06.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 18.06.2026 |
| 11 | **निविदादाता का नाम एवं पता** | - बिपमैन वर्क्स प्रा0 लि0, बेगूसराय (Reg. No- 2260226, Class-II, BCD)। |

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-02.07.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लखीसराय द्वारा निविदा मे शामिल एकमात्र निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा एकमात्र निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

E/V/T.F.P./2026-97

जाचोपरांत- बिपमैन वर्क्स प्रा0 लि0, बेगूसराय (Reg. No- 2260226, Class- II, BCD) को 68 अंक प्राप्त हुआ।

तकनीकी बीड मे सफल होने के लिए 50 अंक की आवश्यकता होती है। अतः एकमात्र निविदाकार को तकनीकी बीड में **"रिसपान्सिव"** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से बिपमैन वर्क्स प्रा0 लि0, बेगूसराय (Reg. No- 2260226, Class- II, BCD) को **सफल** घोषित करने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

विषयांकित कार्य व्यवहार न्यायालय लखीसराय में लॉयर्स हॉल के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक-02.07.2026 की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-30.07.2026 के पूर्वाहून 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकम समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (प्रणव कुमार)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0विविध-08-105/2022....1851स.... पटना/दिनांक....24/07/26....

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/07/26

मुख्य अभियंता (द0)।

24/07/26

E.N/T.E.D./2026-08